कार्यालय पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक- 30-10-2024

विषय:- **पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल के निर्देशन में कमिश्नरेट वाराणसी में आयोजित की गई "घर सजाओ पुरस्कार पाओ" प्रतियोगिता, विजेताओं को दिये गये पुरस्कार।**

- **"घर सजाओ पुरस्कार पाओ" प्रतियोगिता का उद्देश्य पुलिस परिवारों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना एवं उनके आवास क्षेत्रों को एक सुन्दर व प्रेरणादायी वातावरण में बदलना है- सीपी।**
- **पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती प्रेरणा अग्रवाल पत्नी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा विजेताओं को किया गया पुरस्कृत।**
- **"घर सजाओ पुरस्कार पाओ" प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार विजेताओं को क्रमश: ए.सी., टी.वी. व फ्रिज प्रदान किया गया एवं सांत्वना पुरस्कार के रूप में दिये गये माइक्रोवेव ओवन।**
- **आवासों की स्वच्छता, सजावट एवं फिटनेस रहा प्रतियोगिता का मानक।**
- **पुलिस लाईन की पांच कालोनियों के आवासित पुलिसकर्मी बने प्रतिभागी।**

"घर सजाओ पुरस्कार पाओ" प्रतियोगिता के विजेता-

1. प्रथम पुरस्कार- आरक्षी अनिल कुमार मिश्र – ए.सी.
2. द्वितीय पुरस्कार- मुख्य आरक्षी आरमोरर राम प्रकाश यादव – टी.वी.
3. तृतीय पुरस्कार- आरक्षी रवि प्रकाश तिवारी – फ्रिज

रंगोली प्रतियोगिता के विजेता-

1. प्रथम पुरस्कार- मनीषा
2. द्वितीय पुरस्कार- आस्था व खुशी
3. तृतीय पुरस्कार- श्रेयांश व शुभांस

सांस्कृतिक कार्यक्रम के विजेता-

1. प्रथम पुरस्कार- आसिन
2. द्वितीय पुरस्कार- रिया
3. तृतीय पुरस्कार- आयुषी एण्ड ग्रुप

पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल के निर्देशन में कमिश्नरेट वाराणसी में **"दीपावली त्यौहार"** के शुभ अवसर पर **"घर सजाओ पुरस्कार पाओ"** प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस लाईन में आवासित पुलिस परिवारों नें प्रतिभाग किया । प्रतियोगिता के तहत पुलिस लाईन को आकर्षण का केन्द्र बनाने की व्यवस्था के क्रम में सड़क, बिजली, पानी, सफाई, प्रकाश, ड्रेनेज सिस्टम आदि व्यवस्थायें की गई एवं आवासों को सुसज्जित रखने की जिम्मेदारी पुलिस कर्मियों एवं उनके स्वजनों की है । इसी क्रम में पुलिस आयुक्त महोदय **"घर सजाओ पुरस्कार पाओ"** प्रतियोगिता आयोजित कराया गया । प्रतियोगिता अगस्त से अक्टूबर तक चली, प्रतिस्पर्धा का एक आदर्श मानक इस तरह तैयार किया गया कि जिसका पुलिसकर्मियों एवं उनके परिवार को दूरगामी लाभ मिले जिसमें आवास की साफ-सफाई, हरियाली की व्यवस्था, पुलिसकर्मी व परिजनों के आचरण, परिवार की फिटनेस व घरों में बनाई जाने वाली रंगोली आदि थी । निर्णय के पारदर्शी बनाने के लिए निर्णायक समीति में महिला पुलिस अधिकारियों के अलावा पुलिस लाईन की अलग-अलग कालोनियों में रह रही पुलिसकर्मियों के परिवार की महिलायें भी शामिल की गई ।

प्रतियोगिता **"घर सजाओ पुरस्कार पाओ"** में विजेताओं को मुख्य अतिथि श्रीमती प्रेरणा अग्रवाल पत्नी श्री मोहित अग्रवाल पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया । प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय विजेताओं को क्रमश: ए.सी., टीवी, फ्रिज सहित 07 अन्य प्रतिभागियों को माइक्रोवेव ओवन उपहार स्वरूप दिये गये ।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस आयुक्त,
वाराणसी।